**सुविचार**

सहनशील होना अच्छी बात है.. पर अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 66 | पंचकूला। रविवार, 12 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### 6.08 करोड़ लोगों के नाम कटे, क्रमें सबसे ज्यादा 2.04 करोड़

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दूसरे फेज के तहत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं। पिछले साल 27 अक्टूबर को स्क्र्रशुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। स्क्र्रके दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में स्क्र्र की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए।

### एनसीआर में बदलेगा मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के बाद अब चढ़ेगा पारा

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पिछले दो दिनों से चल रही तेज सतही हवाओं के कारण मौसम में हल्की ठंडक और प्रदूषण स्तर में गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, अब सोमवार से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। आसमान साफ रहेगा और तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। अगले 4 से 5 दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने का अनुमान है।

मौसम विभाग द्वारा जारी 7 दिनों की भविष्यवाणी के अनुसार 11 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 12 अप्रैल को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, जबकि 13 और 14 अप्रैल को आसमान पूरी तरह साफ रहेगा और तापमान 35 डिग्री के आसपास बना रहेगा। 15 अप्रैल को तापमान बढ़कर 36 डिग्री और 16 अप्रैल को 37 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसके साथ ही 17 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि 11 और 12 अप्रैल को दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है, जिससे लोगों को हल्की राहत मिलेगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से नीति निर्माता बनेंगी महिलाएं : आरती राव

## पंचकूला में प्रेसवार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मोदी सरकार का ऐतिहासिक, क्रांतिकारी और दूरदर्शी कदम बताया

■ नायब सैनी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नक्शे कदम पर चल रही है, लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा की महिलाओं के लिए बड़ा उपहार है

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला, 11 अप्रैल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को मोदी सरकार का ऐतिहासिक, क्रांतिकारी और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून से महिला नेतृत्व में विकास का नया दौर शुरू होगा। यह कानून महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें निर्णय लेने वाली शक्ति के रूप में स्थापित करेगा और भारतीय राजनीति में महिलाओं की नई भूमिका तय करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि 2029 के लोकसभा चुनाव में ही महिलाओं को पूरी भागीदारी मिले। आरती राव ने नारी शक्ति अधिनियम लाने पर पीएम मोदी का आभार जताया। आरती राव शनिवार को पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर भाजपा के सह मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग, संजय आहूजा भी मौजूद रहे।

आरती राव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पीएम मोदी की इच्छा शक्ति का परिणाम है, जो दशकों से लंबित था और अब साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण कदम है। इस कानून से महिला नेतृत्व में विकास का नया दौर शुरू होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह कानून आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने का मजबूत संकल्प है। मोदी सरकार का यह कदम न केवल महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि समावेशी और संतुलित विकास के लिए भी आवश्यक है। आरती राव ने वैश्विक शोध के बारे में बताते हुए कहा कि जब महिलाएं अधिक संख्या में काम करती है तो अर्थव्यवस्था तेजी से ब?ती है और आय में समानता आती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और नेतृत्व से विकास अधिक टिकाऊ और समावेशी बनता है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 72 प्रतिशत घर आज महिलाओं के नाम पर हैं। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित) में 43 प्रतिशत महिलाएं स्नातक हुई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मुद्रा योजना के 69 प्रतिशत ऋण दिए गए हैं, वहीं स्टैंड-अप इंडिया योजना के 84 प्रतिशत लाभान्वित हुई हैं। महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं जिनसे महिलाओं का जीवन स्तर सुधरा है। आरती राव ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करो? से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए गए, जिससे धुएं से मुक्ति मिली। जल जीवन मिशन के माध्यम से करो?ों घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचा। मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच की समस्या को खत्म कर महिलाओं की गरिमा और स्वास्थ्य दोनों को सुरक्षित किया है।

राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी पर बोलते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 1952 में लोकसभा में केवल 22 महिलाएं थीं जो ब?कर 2024 में 75 हुई हैं, लेकिन यह संख्या अभी भी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में भी महिलाओं की भागीदारी लगभग 17 प्रतिशत के आसपास है। पंचायत स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 46 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वे केवल पद नहीं संभालतीं, बल्कि शासन को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का प्रयास है। यह कानून महिलाओं को नीति निर्माता के रूप में स्थापित करेगा।

आरती राव ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मजबूत आधार तैयार किया है। करो?ों महिलाओं के बैंक खाते खुले हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं संगठित हो रही हैं, और उद्यमिता की दिशा में आगे ब? रही हैं। ÷लखपति दीदी÷ और ÷नमो ड्रोन दीदी÷ जैसी पहलें महिलाओं को तकनीकी और आधुनिक क्षेत्रों में आगे ब?ा रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट कहना है कि महिला नेतृत्व वाला विकास ही भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। नारी शक्ति वंदन कानून से नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी ब?ेगी। जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक निर्णायक कदम है।

### महिलाओं को सशक्त करना पीएम का बहुत बड़ा सपना

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए आरती राव ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करना पीएम मोदी का बहुत ब?ा सपना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी इस दिशा में पीएम मोदी का ब?ा कदम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार भी प्रधानमंत्री मोदी के नक्शे कदम पर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना लेकर आए हैं जिसका लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। एक अन्य सवाल पर आरती राव ने कहा कि जहां-जहां महिलाओं का नेतृत्व है वहां इकोनॉमी भी बेहतर हो रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाएं अग्रणीय भूमिका में काम रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले महिलाओं के लिए किसी भी सरकार ने ऐसा कदम नहीं उठाया। प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लेकर आए हैं और उन्हें सिरे भी च?ाया है। एक अन्य सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में डाक्टरों की कोई कमी नहीं है। पहले ही साल में हमने 1100 डाक्टरों को नियुक्त किया है। आरती राव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हरियाणा की महिलाओं को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की महिलाओं के लिए आने वाला समय सुनहरा होने वाला है, महिलाओं को और अधिक नेतृत्व का मौका भी मिलने वाला है।

# शो-कॉज नोटिस पर पूर्व मेयर का विस्तृत जवाब चंद्रमोहन पर लगाए गंभीर एवं तथ्यात्मक आरोप

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** पंचकूला की पूर्व मेयर श्रीमती उपिंद्र आहलूवालिया ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस का विस्तृत एवं तथ्यों पर आधारित जवाब प्रस्तुत करते हुए कांग्रेस विधायक चंद्र मोहन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार, एकपक्षीय एवं बिना किसी निष्पक्ष जांच के लगाए गए हैं, जो न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि को ठेस पहुंचाते हैं बल्कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी कमजोर करते हैं।

अपने जवाब में आहलूवालिया ने अपने चार दशकों से अधिक लंबे राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जमीनी स्तर से राजनीति की शुरुआत की और सरपंच, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद सदस्य से लेकर वर्ष 2013 से 2018 तक पंचकूला की मेयर के रूप में पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा को समर्पित रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चंद्र मोहन लगातार उनके राजनीतिक कार्यों में बाधा डालते रहे हैं। यहां तक कि जब वह कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में थीं, तब भी उनके खिलाफ अंदरूनी स्तर पर साजिशें रची गईं। वर्ष 2020 के मेयर चुनाव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उस समय चंद्र मोहन द्वारा अपने राजनीतिक सचिव को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर चुनाव लड़वाकर कांग्रेस के वोट बैंक में जानबूझकर विभाजन कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें लगभग 2000 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वर्ष 2008, 2013 और 2020 के विभिन्न चुनावों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि हर बार सुनियोजित तरीके से उनके खिलाफ कार्य किया गया, जिससे उनके जनसमर्थन को प्रभावित करने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हमेशा पार्टी अनुशासन का पालन करते हुए चंद्रमोहन का समर्थन किया और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी। आहलूवालिया ने वर्ष 2024 के चुनाव में उनके खिलाफ कार्य करने के आरोपों को भी पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि यह आरोप तथ्यहीन, भ्रामक एवं दुर्भावनापूर्ण हैं, जिनका उद्देश्य केवल उनकी छवि को धूमिल करना है।

अंत में उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गहन जांच कराई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि यदि किसी भी स्तर पर एंटी-पार्टी गतिविधियों के प्रमाण मिलते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना तथ्यों की पुष्टि के इस प्रकार के नोटिस जारी करना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे पार्टी के उन कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है, जिन्होंने वर्षों तक संगठन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया है।

# बाबा साहेब का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत : पं. मोहन लाल कौशिक

■ संविधान बस यात्रा में ट्राइसिटी के सैकड़ों युवा दिल्ली के लिए होंगे रवाना : कृष्ण बेदी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला, 11 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अंबेडकर जयंती के अवसर पर पंचकूला के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह उपस्थित रहेंगे।

जयंती समारोह की तैयारियों का जायजा लेने भाजपा मुख्यालय पंचकमल पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और मानवाधिकार की दिशा में आगे ब?ाने का काम किया। इस मौके कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्षा बंतो कटारिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष योगेंदर शर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष वरिंदर गर्ग, पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल, कालका परिषद् चेयरमैन कृष्ण लाम्बा, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अमर नाथ सौदा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा, जिला महामंत्री भवनजीत सिंह सूदन, जय कौशिक सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पं. मोहन लाल कौशिक ने कहा, बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पं. मोहन लाल कौशिक ने बताया, बाबा साहेब की जयंती को भव्य और विराट बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उत्साह है।

उन्होंने कहा, जयंती समारोह में प्रदेश भर से ह?ारो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आम नागरिक हिस्सा लेंगे। इस मौके पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का ि?क्र करते हुए पं. मोहन लाल कौशिक ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक क्षेत्रो में महिलाओ की भागीदारी ब?ाने के साथ ही महिलाओ के प्रतिनिधित्व को भी ब?ाना है। उन्हने कहा कि इस अधिनियम के लागु होने से शासन की प्राथमिकताओं में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, निर्णय प्रक्रिया में महिलाओ की भागीदारी ब?ने से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल और स्वछता जैसे तमाम विषय अधिक प्राथमिकता के साथ सामने आते है। महिला प्रतिनिधित्व से नीतिया अधिक जन केंद्रित और प्रभावी बनती है। उन्होंने कहा, अधिनियम के लागू होने से संसद और विधानसभाओ में इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा, जिससे विकास की गति में भी ते?ी आएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओ में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा, विभिन्न महिला सामजिक संगठनों, आंगनवा?ी वर्कर, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओ द्वारा अधिनियम के पक्ष में तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिनमे पदयात्रा, स्कूटी रैली, नुक्क? सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठी, प्रदर्शनी शामिल है।

इस मौके पर सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा, बाबा साहेब ने समाज के हर वर्ग के सम्मान और उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने बताया, चंडीग? के उनके सरकारी आवास से संविधान बस यात्रा रवाना की जाएगी जिसमे ट्राइसिटी के सैक?ों युवा दिल्ली स्थित पंचतीर्थ में से एक बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे एवं बाबा साहेब के म्यूजियम का दर्शन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल कौशिक हरी झंडी दिखाकर संविधान बस यात्रा को रवाना करेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि पंचकूला जिला संगठन बाबा साहेब की जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में लगे हुए है। अजय मित्तल ने कहा, बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का पंचकूला आगमन पंचकूला वासियों के लिए हर्ष का विषय है।

**शांति वार्ता** — पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सीजफायर वार्ता का पहला दौर खत्म

# 47 साल बाद ईरान-अमेरिका आमने-सामने, ईरान बोला- लेबनान पर हमले तुरंत बंद हो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का पहला राउंड 2 घंटे तक चला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया।

यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की।



इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है।

### इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में हो रही ईरान-यूएस वार्ता

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है।

#### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पाकिस्तान पहुंचे गालिबाफ

गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था। इस हमले का आरोप अमेरिका और इजराइल पर लगाया गया था।

# नगर निगम चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी : कुलभूषण गोयल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में विकास कार्यों की झ?ी लगा रखी है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है।

पंचकूला में करो?ों रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। यह बात पंचकूला के पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ही शहर का विकास करवा सकती है और आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा ब?ी जीत दर्ज करने जा रही है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि पंचकूला में मेयर सहित सभी 20 पार्षद पदों पर भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास बोलने के लिए सिर्फ और सिर्फ झूठ है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार हर पात्र बुजुर्ग को घर बैठे पेंशन बनाकर भेज रही है। भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। हमारी सरकार ने 25 दिसंबर 2025 को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हरियाणा में 9 लाख 22 हजार 452 पात्र महिलाओं के खातों में अब तक चार किस्तों में 634 करोड जारी किए जा चुके हैं। भाजपा जो कहती है वह संकल्प के साथ पूरा करती है।



भाजपा ने किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी और आज हमारी सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। हमारी सरकार हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। नशे के विरुद्ध ल?ाई में प?ोसी राज्यों का सहयोग लेने के लिए हरियाणा के पंचकूला में अंतर्राज्यीय सचिवालय स्थापित किया गया है। पिछले 5 सालों में नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे लगभग 26 हजार अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है।

# पंजाब में अब बेअदबी के दोषियों को मिलेगी उम्रकैद

**पंजाब कैबिनेट की बैठकः श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी रोकने और सज़ाओं को और सख्त बनाने के लिए कानून में संशोधन को दी मंजूरी**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अहम फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने 'जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026' में सख्त संशोधनों को मंजूरी दे दी है। इन संशोधनों के तहत श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता और सम्मान बनाए रखने तथा बेअदबी के दोषियों को कड़ी सज़ा देने के लिए उम्रकैद तक का प्रावधान किया गया है। यह संशोधन विधेयक सोमवार को पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि बीते समय में श्री गुरु ग्रंथ साहिब और अन्य पवित्र ग्रंथों की बेअदबी की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और समाज में अस्थिरता का माहौल पैदा हुआ है। हालांकि भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 298, 299 और 300 ऐसे मामलों से निपटती हैं, लेकिन इनमें दोषियों के खिलाफ कठोर सज़ा का पर्याप्त प्रावधान नहीं है। गहन विचार-विमर्श और व्यापक सलाह-मशवरे के बाद भगवंत सिंह मान सरकार ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता की रक्षा करने और समाज में आपसी सम्मान, भाईचारे तथा सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है।



### अपराधों की गंभीरता को देखते हुए लिया निर्णय

इन अपराधों की गंभीरता को देखते हुए और धार्मिक पवित्रता तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने 'जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम-2008' में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रस्तावित 'जगत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026' में बेअदबी के दोषियों के लिए उम्रकैद सहित सज़ाओं को और कड़ा किया गया है। यह प्रस्तावित कानून दुर्भावनापूर्ण तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करेगा और पंजाब में शांति, कानून-व्यवस्था तथा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## राज्य में पूरे साल कराए जाने वाले कार्यक्रमों में सेमिनार, कीर्तन यात्राएं व पौधे लगाने का अभियान चलाया जाएगाः सीएम मान

- **मुख्यमंत्री ने श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को शानदार ढंग से मनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों को दिया अंतिम रूप**



**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित कराए जाने वाले श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पंजाब भवन में संत समाज के साथ बैठक के दौरान लिया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रमों और पहलकदमियों की श्रृंखला की रूपरेखा तैयार की। इन कार्यक्रमों में सेमिनार, कीर्तन समागम, यात्राएं, पौधे लगाने के अभियान और 650 एकड़ में 'गुरु रविदास बगीचियां' लगाना शामिल है तथा इस संबंध में मुख्य समागम खुरालगढ़ में होगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि मुझे श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस और श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। गुरु रविदास जी बगीचियों की स्थापना पूरे पंजाब में कुल 650 एकड़ पंचायती जमीन पर प्रति जिला औसतन 6.50 लाख पौधे लगाने के अभियान के साथ-साथ मैराथन, शोभा यात्राएं, साइकिल रैलियां और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से की जाएगी।

650वें प्रकाश पर्व को समर्पित मुख्य समागम में गुरु रविदास जी के जीवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन, कथा और कीर्तन दरबार, श्री गुरु रविदास जी के योगदान को समर्पित संत सम्मेलन, मीनार-ए-बेगमपुरा में 3डी प्रोजेक्शन, ड्रोन शो, गुरु रविदास जी की बाणी पर कॉन्फ्रेंस और अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, तरुणप्रीत सिंह सौंद, लाल चंद कटारूचक्क और डॉ. रवजोत, लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, सलाहकार, पर्यटन और सांस्कृतिक मामले दीपक बाली तथा अन्य भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं संत समाज से अपील करता हूं कि 650वें प्रकाश पर्व के मौके पर विश्वव्यापी जश्नों के लिए मार्गदर्शन करें और सुझाव दें। यह बहुत गर्व और संतोष की बात है कि ये जश्न मेरे कार्यकाल के दौरान मनाए जा रहे हैं। हमारी सरकार इन कार्यक्रमों को सबसे उचित ढंग से मनाना सुनिश्चित करेगी।

**गैंगस्टरों ते वार का 81वां दिन**

## पुलिस ने 516 स्थानों पर की छापेमारी; 239 गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अंतर्गत संचालित निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' के 81वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित एवं मानचित्रित 516 ठिकानों पर छापेमारी की।



उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार ÷ पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका शुभारंभ 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा किया गया था एंटी -गैंगस्टर टास्क फ़ोर्स पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष अभियान चला रही हैं।

81वें दिन की कार्रवाई के दौरान पुलिस दलों ने 239 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान के आरंभ से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 20,395 हो गई है।

इसके अतिरिक्त 72 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 69 व्यक्तियों को जांच एवं पूछताछ के उपरांत रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान 14 फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

आम जन एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों एवं गैंगस्टरों के संबंध में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी सूचनाएं साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस दलों ने नशों के विरुद्ध अपने अभियान ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ को 406वें दिन भी जारी रखते हुए आज 104 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 1.8 किलोग्राम हेरोइन, 18 किलोग्राम गांजा, 1486 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 6750 रुपये की मादक पदार्थ संबंधी धनराशि बरामद की गई।

इस प्रकार, मात्र 406 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 58,290 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 33 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने एवं पुनर्वास हेतु उपचार के लिए प्रेरित किया है।

### एक नजर

#### प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत 92 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब सरकार ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के विद्यार्थियों की शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत लगभग 13 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति जारी की है। यह जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातियों से संबंधित विद्यार्थियों को यह राशि प्रदान की गई है। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत राज्य भर के 92 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाया गया है, जिससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में बड़ी सहायता मिली है। इस राशि से विद्यार्थियों को किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानती है और इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



#### अवैध हथियार तस्करी रैकेट से जुड़े तीन गिरफ्तार

**बटाला, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए बटाला पुलिस ने 6.5 किलोग्राम हेरोइन, एक .30 कैलिबर पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और 1 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों के तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान निशान सिंह निवासी मूलियांवाल (बटाला), रविपाल सिंह निवासी रायपुर और एक नाबालिग के रूप में हुई है। नशीले पदार्थ और ड्रग मनी की बरामदगी के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी टोयोटा फॉर्च्यूनर कार भी जब्त कर ली है। यह सफलता 30 मार्च 2026 को बटाला के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हुई।

## वृंदावन नाव हादसा, 5 चिताएं एक साथ जलीं



पंचकूला ऑब्जर्वर

**जगराओं 11 अप्रैल।** वृंदावन नाव हादसे में मरने वालों की संख्या 11हो गई है। शनिवार को अबोहर के रहने वाले मानिक टंडन की भी बॉडी मिली। मानिक की सगाई हो चुकी थी और 12 सितंबर को शादी होनी थी। वह मधुर बहल की मौसी का बेटा था, जिसकी इसी हादसे में मौत हो गई थी।

हादसे में मारे गए पंजाब के नौ लोगों की बॉडी उनके घर पहुंच गई हैं। अंजू गुलाटी, राकेश गुलाटी और मीनू बंसल लुधियाना के दुगरी की रहने वाली हैं। मीनू बंसल के बेटे निखिल बंसल ने बताया कि उनकी बहन डिंकी बंसल अभी भी लापता है। उसका नाम भी लापता लोगों की लिस्ट में नहीं है। एडमिनिस्ट्रेशन को हमारी मदद करनी चाहिए। इस बीच, जगरांव में पांच लोगों कविता बहल, चरणजीत, मधुर बहल, पिंकी बहल और ईशान कटारिया की बॉडी मिली। लवी बहल ने अपने भाई मधुर बहल को ÷राधा-राधा÷ कहकर विदाई दी। श्मशान घाट पर एक साथ पांच चिताओं का अंतिम संस्कार किया गया। सपना हंस का पार्थिव शरीर भी मोगा में उनके घर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान भी अपनी संवेदनाएं जताने जगराओं पहुंचे। उन्होंने मृतक चरणजीत और पिंकी बहल को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, वह अंतिम संस्कार में शामिल होने श्मशान घाट गए। उन्होंने कहा कि मृतकों के लिए एक स्मारक बनाया जाएगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश में पुलिस ने नाव ड्राइवर पप्पू और पंटून पुल के कॉन्ट्रैक्टर नारायण शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नाव ड्राइवर पर आरोप है कि जब यात्रियों ने उसे वापस लौटने के लिए कहा तो उसने रास्ते में खतरे को नजरअंदाज कर दिया। नाव में लाइफ जैकेट की कमी थी। नाव में ज्यादा भीड़ होने के कारण नाव का बैलेंस बिगड़ गया, जिससे वह पलट गई। इस बीच, कॉन्ट्रैक्टर नारायण शर्मा बिना किसी को बताए पंटून पुल को तोड़कर फिर से जोड़ रहे थे।

10 अप्रैल के हादसे में पंजाब के ग्यारह लोगों की मौत हो गई। लुधियाना के एक ही परिवार के सात लोग शामिल थे- मधुर बहल, उनकी मां कविता बहल, उनके चाचा चरणजीत, चरणजीत की पत्नी पिंकी बहल, मधुर की चाची आशा रानी, उनकी दूसरी चाची अंजू गुलाटी और उनके चाचा राकेश गुलाटी।

## पंजाब ने बचाव कार्यों के लिए गोताखोरों की टीम भेजी, पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगीः मान

- **मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जगराओं पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिले, कहा- संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ**

पंचकूला ऑब्जर्वर



**जगराओं, 11 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज जगराओं का दौरा कर मथुरा के पास नाव पलटने की दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त की और संकट की इस घड़ी में हर संभव सहायता का भरोसा दिया। इस घटना में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वृंदावन की यात्रा के दौरान यमुना नदी में पीड़ितों की नाव पलट गई, जिसमें अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके हैं और चार लापता व्यक्तियों की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है और बचाव कार्यों में सहायता के लिए पंजाब की ओर से गोताखोरों की टीमें पहले ही भेजी जा चुकी हैं। जवाबदेही और रोकथाम पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने और ऐसे हादसों को रोकने के लिए उन्होंने यह मुद्दा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया है।

मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, 'मथुरा के पास हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कीमती जिंदगियों के नुकसान पर बेहद दुख हुआ है। मेरी गहरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है। पीड़ित वृंदावन में माथा टेकने जा रहे थे, तभी उन्हें ले जा रही नाव यमुना नदी में पलट गई। मुख्यमंत्री ने बताया, 'अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि चार लापता व्यक्तियों की तलाश अभी जारी है। मुख्य मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से बचाव कार्यों में उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की मदद के लिए घटनास्थल पर गोताखोरों की टीमें भेजी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, इस हादसे में बचे लोगों को आवश्यक चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं उत्तर प्रदेश में अपने समकक्ष के साथ लगातार संपर्क में हूं और चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों की निकटता से निगरानी कर रहा हूं। रोकथाम उपायों की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मैंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि भविष्य में ऐसे पवित्र स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह जरूरी है कि संबंधित राज्य सरकारें जन महत्व के स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मैं जान गंवाने वालों के परिवारों, रिश्तेदारों और मित्रों के प्रति दिल से सहानुभूति प्रकट करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पंजाब सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने वृंदावन में नाव पलटने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स.कुलतार सिंह संधवां ने आज वृंदावन में यमुना नदी में नाव पलटने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। स्पीकर स.संधवां ने इस दुखद समाचार को सुनकर गहरा शोक प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए तथा इस हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि ईश्वर पीड़ित परिवारों को इस दुख की घड़ी में इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## पंजाब सरकार ने सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ट्रांसफर को लेकर नई समय-सीमा जारी

**जीरकपुर, 11 अप्रैल।** पंजाब सरकार के पर्सोनल विभाग ने राज्य के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सामान्य तबादलों (ट्रांसफर) को लेकर नई समय-सीमा जारी कर दी है। जारी आदेशों के अनुसार, वर्ष 2026-27 के लिए तबादलों का दौर 15 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 30 मई 2026 के बाद सामान्य तबादलों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके बाद किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की तैनाती या तबादला केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जा सकेगा, और वह भी निर्धारित ट्रांसफर पॉलिसी के तहत।

## घर खरीदने वालों को रियल एस्टेट डेवलपर्स की उल्लंघनाओं के कारण परेशान नहीं होना पड़ेगाः रीना

- **पीपीसीबी ने घर खरीदारों को दी राहत, सेल डीड और बिजली कनेक्शन जारी करने की अनुमति; डिफॉल्ट बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने उन आम नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं का समाधान किया है, जो कुछ हाउसिंग, रिहायशी और व्यावसायिक परियोजनाओं में प्रोजेक्ट प्रमोटरों द्वारा की गई पर्यावरण संबंधी उल्लंघनाओं के कारण सेल डीड और बिजली कनेक्शन पर लगी पाबंदियों से प्रभावित हो रहे थे।

एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप के तहत बोर्ड ने स्वीकार किया कि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के उल्लंघन के कारण इन परियोजनाओं पर लगाई गई पाबंदियों से उन आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिन्हें इन उल्लंघनों की जानकारी नहीं थी और जिन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई इन परियोजनाओं में निवेश की थी। जनता से प्राप्त कई शिकायतों और मार्च 2026 में गठित वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी की सिफारिशों पर कार्रवाई करते हुए बोर्ड ने अब एक संतुलित और जनहितैषी दृष्टिकोण अपनाया है।

9 अप्रैल के आदेश के अनुसार, उल्लंघन करने वाले हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, रिहायशी कॉलोनियों और व्यावसायिक परियोजनाओं की सेल डीड पर प्रतिबंध आम लोगों के लिए परेशानी पैदा करेगा, विशेषकर उन लोगों के लिए जिन्हें किफायती आवास की आवश्यकता है।

संशोधित निर्देशों के तहत बोर्ड ने व्यक्तिगत खरीदारों के लिए सेल डीड पंजीकरण और बिजली कनेक्शन जारी करने की अनुमति दे दी है, ताकि नागरिकों को उनके बुनियादी अधिकारों और आवश्यक सेवाओं से वंचित न किया जाए। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि डिफॉल्ट डेवलपर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिसमें पर्यावरण कानूनों के तहत मुकदमा चलाना और पूर्ण अनुपालन तक नई स्वीकृतियों पर रोक लगाना शामिल है।

बोर्ड ने आगे कहा कि बिजली तक पहुंच एक बुनियादी आवश्यकता है और यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार से जुड़ा हुआ है। प्रोजेक्ट प्रमोटरों की गलतियों के कारण इस तरह की आवश्यक सेवाओं से इनकार करना निर्दोष खरीदारों के लिए अनावश्यक कठिनाई पैदा कर रहा था।

पीपीसीबी की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने इस निर्णय के पीछे के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पर्यावरण कानूनों का पालन लोगों के मौलिक अधिकारों और सम्मान की कीमत पर न हो। निर्दोष घर खरीदारों को उन उल्लंघनों की सजा नहीं भुगतनी चाहिए, जो उन्होंने किए ही नहीं हैं। इस निर्णय के माध्यम से हम एक संतुलित दृष्टिकोण अपना रहे हैं और आम नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## सीएम की अगुवाई में पंजाब सरकार ने 'पुरस्कार नीति' लागू की, 28 सबसे वांछित अपराधियों की सूची जारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने एक अहम और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'पुरस्कार नीति' लागू की है। इस नीति के तहत पंजाब पुलिस को राज्य में वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों तथा उनके नेटवर्क के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले व्यक्तियों को इनाम देने का अधिकार प्रदान किया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने 28 सबसे वांछित अपराधियों की सूची भी जारी की है। 'गैंगस्टरों ते वार' प्रोजेक्ट के अंतर्गत सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को 1 लाख रुपये तक, पुलिस कमिश्नर/रेंज आईजी/डीआईजी को 1.5 लाख रुपये तक, विभिन्न विंगों के प्रमुखों (स्पेशल डीजीपी/एडीजीपी) को 2 लाख रुपये तक और डीजीपी को 2 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत करने की शक्तियां प्रदान की हैं। यह राशि केवल सही और प्रमाणिक सूचना देने वाले व्यक्तियों को ही दी जाएगी। सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क पर पूरी तरह से लगाम लगाना है और इसके लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। प्राप्त जानकारी की पहले जांच की जाएगी और तय मानकों के आधार पर ही इनाम दिया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसे किसी प्रकार का खतरा नहीं होने दिया जाएगा। लोग 'एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन' 9394693946 पर जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस के अनुसार, ऐसी विश्वसनीय सूचना जिससे वांछित या घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, उस पर इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस योजना के तहत प्राप्त सूचनाओं का उपयोग 'ऑपरेशन प्रहार' और 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा। यह एक उच्च स्तरीय इनाम योजना है, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी। पंजाब पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं और राज्य को अपराध मुक्त बनाने में सहयोग करें। सरकार ने स्पष्ट किया है कि हर नागरिक की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है और सभी सूचनाओं की उचित जांच-पड़ताल के बाद ही उनका उपयोग किया जाएगा। इस अभियान के तहत हाल ही में राज्यभर में गैंगस्टरों के नेटवर्क से जुड़े चिन्हित स्थानों पर 56,487 छापेमारी की गई है। अभियान शुरू होने के बाद अब तक कुल 19,894 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। 9,353 व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई, जबकि 15,284 लोगों से पूछताछ कर उन्हें सत्यापन के बाद रिहा किया गया। इसके अलावा 851 घोषित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

राज्यवासी वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों से संबंधित जानकारी एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुमनाम रूप से साझा कर सकते हैं और अपराध से जुड़ी गतिविधियों के बारे में सुझाव भी दे सकते हैं।

# हरियाणा स्टार्टअप्स के मामले में 7वां सबसे बड़ा राज्य : सीएम नायब

## मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य के फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल और अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया

पंचकूला ऑब्जर्वर




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार देर सांय चंडीगढ़ में आयोजित टाईकॉन चंडीगढ़-2026 की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान उद्योगपतियों एवं उधमियों को संबोधित करते हुए। (11.04.2026)

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने औद्योगिक समूहों और निवेशकों से राज्य के तेजी से विकसित हो रहे फूड प्रोसेसिंग सेक्टर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विस्तार कर रहे लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम, इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क और अन्य क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

TiECon चंडीगढ़ समिट 2026 में 12 देशों और 27 राज्यों से आए उद्यमियों और उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक अत्यंत अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार किया है, जहां निवेशकों का विश्वास बढ़ता है और उद्यमियों को भरपूर अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रक्रियाओं को लगातार सरल बना रही है, जिसमें डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

हरियाणा ने विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग उद्योग देश और प्रदेश में तेजी से विस्तार कर रहा है, लगभग 28,000 इकाइयां पहले ही स्थापित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लॉजिस्टिक्स के संदर्भ में उन्होंने बताया कि हरियाणा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर है और उत्तर भारत में पहले स्थान पर है, जहां लगभग 57 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र हृष्टक्रमें आता है, जिसे एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने ईवी सेक्टर में निवेश को भी प्रोत्साहित किया, जहां एक प्रगतिशील नीति के तहत अनेक प्रोत्साहन और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से उत्पादन और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

इस परिवर्तन में हरियाणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जो राज्य पहले मुख्य रूप से कृषि और पारंपरिक उद्योगों के लिए जाना जाता था, वह अब नवाचार, स्टार्टअप्स और तकनीकी प्रगति का केंद्र बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टार्टअप पॉलिसी के तहत सरकार युवाओं को वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा और बाजार तक पहुंच प्रदान कर रही है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और हिसार जैसे शहर स्टार्टअप हब के रूप में तेजी से उभर रहे हैं, विशेष रूप से आईटी, एग्री-टेक, फिनटेक, हेल्थ-टेक और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा स्टार्टअप्स की संख्या के मामले में 7वां सबसे बड़ा राज्य है, जहां 9,500 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत महिला-नेतृत्व वाले हैं। राज्य का लक्ष्य अगले चरण में स्टार्टअप्स में महिलाओं की भागीदारी को 60 प्रतिशत तक बढ़ाना है।

### प्रमुख नीतिगत पहलों का भी उल्लेख

नायब सिंह सैनी ने प्रमुख नीतिगत पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें इंटीग्रेटेड मिनी फूड पार्क योजना शामिल है, जिसके तहत C और D श्रेणी के ब्लॉकों में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक पूंजीगत अनुदान प्रदान किया जाता है। औद्योगिक क्षेत्रों और पार्कों में भूमि की खरीद या लीज पर स्टांप ड्यूटी में भी महत्वपूर्ण छूट दी जा रही है, जिसमें ष्ठ श्रेणी के ब्लॉकों में 100 प्रतिशत, C श्रेणी में 75 प्रतिशत और A व B श्रेणी में 50 प्रतिशत की छूट शामिल है। निवेशकों की सुविधा के लिए हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन सेंटर द्वारा सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर 230 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, 48 विभागों में 1,100 से अधिक अनुपालनों को सरल बनाया गया है ताकि नियामक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें ढ्ढरूज्ञ सोहना में 500 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, नारनौल में एकीकृत मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब और हिसार में एकीकृत मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर शामिल हैं।

## प्रदेश को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**कुरुक्षेत्र, 11 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं पर चलते हुए प्रदेश को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन और उनके विचार हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जो समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित हो।

मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र के बाबैन में सैनी सभा, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह एवं सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा रखी सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले कॉलेज ऑफ नर्सिंग खोले जाने की मांग को पूरा करने तथा स्वैच्छिक कोष से 51 लाख रुपये संस्था को देने की घोषणा भी की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नागरिकों की सुविधा के लिए मथाना-बाबैन मार्ग को 13.38 करोड़ की लागत से 7 मीटर चौड़ा करने की घोषणा भी की।कार्यक्रम के आयोजक एवं सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान श्री गुरनाम सिंह सैनी ने इन मांगों के अलावा जो मुख्यमंत्री के समक्ष मांग पत्र रखा, उन्हें भी पूरा करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

वहीं, हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने स्वयं तथा कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी की तरफ से 11-11 लाख रुपये संस्था को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने अपने विचारों, अपने संघर्षों और अपने कर्मों से भारत के सामाजिक इतिहास को नई दिशा दी। इस पावन अवसर पर मैं महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। यह राज्यस्तरीय समारोह सामाजिक जागरण, शिक्षा और समानता के उस संकल्प को पुनर्जीवित करने का अवसर है, जिसे महात्मा फुले जी ने अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। ऐसे महापुरुषों, संतों और महात्माओं के संदेश को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए सरकार उनकी जयंती राज्य स्तर पर मनाती है। इसके लिए सरकार ने 'संत-महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना' चलाई हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महात्मा ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की आधारशिला भी रखी गई है। शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का जो सपना महात्मा फुले ने देखा था, यह संस्थान उसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर, राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### एक नजर

#### अग्रवाल युवा सभा की महिला इकाई आज मनाएगी बैसाखी महोत्सव

**कैथल, 11 अप्रैल।** अग्रवाल युवा सभा के तत्वावधान में महिला इकाई द्वारा 12 अप्रैल को बैसाखी महोत्सव का भव्य आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगा जिसमें केवल महिलाओं के लिए विशेष प्रवेश रहेगा। सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन समाज में सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम की संयोजक किरण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों द्वारा सुंदर एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगी। प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए विभिन्न उपहार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया जाएगा। संयुक्त सचिव हिमांशु गोयल एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाएं भाग लेंगी। सभी महिलाओं को प्रवेश के लिए कूपन वितरित किए गए हैं तथा कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक महिला को रिटर्न गिफ्ट भी प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे तथा नाश्ते की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।



#### नशीली गोलियों सहित दो आरोपी काबू

**टोहाना ।** नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत सीआईए स्टाफ टोहाना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियों सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि अपराध अनुसंधान शाखा की टीम गश्त के दौरान टोहाना-रतिया रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक स्कूटी पर नशीली गोलियों की सप्लाई के लिए खड़े हैं। सूचना के आधार पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार कर मौके पर दबिश दी गई। टीम ने टोहाना-रतिया रोड, नए बाईपास टी-प्वाइंट पर एक स्कूटी सवार दो युवकों को काबू किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान निखिल वर्मा पुत्र राजबीर निवासी वार्ड नं. 5, हिसार तथा हर्ष वर्मा पुत्र देवानंद निवासी चूरू, राजस्थान के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 115 स्ट्रिप्स (कुल 1150 गोलियां) एल्प्राजोलम 0.5 एमजी बरामद हुईं। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 102 दिनांक 10.04.2026 धारा 22ष्ट/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईए टोहाना की यह कार्रवाई नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

#### एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**लाडवा।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को जीवन कौशल पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सी.बी.एस.ई.की ओर से रिसोर्स पर्सन मंजूषा दुग्गल और आशीष गुप्ता ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा के आगे दीप प्रज्वलित करके और प्रार्थना गीत गाकर किया गया। जीवन कौशल सीखने पर केंद्रित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है शिक्षकों को उनके छात्रों की भावनात्मक और मानसिक भलाई को बढ़ावा देना है। वक्ताओं ने आत्म जागरूकता, प्रभावी संचार, निर्णय निर्माण, समस्या समाधान, सहानुभूति और भावनात्मक नियंत्रण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया और कई गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को एक दूसरे की परेशानियों का हल ढूंढने व उन्हें सुलझाने का तरीका भी बताया।

#### जरूरतमंद बेटी की शादी में दिया सामान

**लाडवा।** समाज में फैली नशा, दहेज प्रथा जैसी बुराईयों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ हरियाणा महर्षि कश्यप महासभा की लाडवा इकाई द्वारा समाज को संगठित व शिक्षित करने के लिए क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा दे रहे है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता भी कर रहे है। शनिवार को महर्षि कश्यप सभा लाडवा की तरफ से एक गरीब व जरूरतमंद परिवार को बेटी की शादी में डबल बेड़ व गद्दे का जोड़ा दिया, ताकि शादी में गरीब परिवार को कुछ मदद मिल सके। यह जानकारी सभा के प्रधान देवराज राजू व विकास कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि सभा समाज को संगठित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में भी समाज को संगठित किया जा रहा है।

## जनगणना कार्य में पारंगतता के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

पंचकूला ऑब्जर्वर



**असंध, 11 अप्रैल।** जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है इसी कड़ी में असंध उपमंडल के चार्ज ऑफिसर तहसीलदार नवजीत कौर की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बीडीपीओ कार्यालय सभागार और जीवन चानन महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। बीडीपीओ कार्यालय सभागार में असंध ग्रामीण के लिए 7 पर्यवेक्षकों और 42 प्रगणकों और जीवन चानन महिला महाविद्यालय में 13 पर्यवेक्षकों 78 प्रगणकों को असंध ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लिए संबंधित फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान जनगणना 2027 का परिचय और जनगणना के कानूनी पहलू, जनगणना में प्रयुक्त अवधारणाएँ और परिभाषाएँ ,लेआउट मैप की तैयारी, सिद्धांत और व्यवहार,मोबाइल ऐप को इंस्टॉल करने की प्रक्रिया, उसका अवलोकन और उसकी विशेषताएँ सहित जनगणना जानकारी हासिल करने के तरीकों के बारे में बताया गया।

इस दौरान मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र करने और स्वगणना की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों ने प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को गहनतापूर्वक ग्रहण किया।

### अनाज मंडी एसोसिएशन की ओर से आढ़तियों की बैठक आयोजित

**रादौर ।** अनाज मंडी एसोसिएशन रादौर की ओर से शनिवार को आढ़तियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आढ़ती सुभाष चंद कांबोज जयपुर को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं शैंकी गुप्ता को उप प्रधान नियुक्त किया गया।

नवनियुक्त प्रधान सुभाष चंद कांबोज व उप प्रधान शैंकी गुप्ता को मंडी के आढ़तियों ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान सुभाष चंद कांबोज व उप प्रधान शैंकी गुप्ता ने कहा कि वह मंडी के सभी आढ़तियों का उनकी नियुक्ति के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते है। वह मंडी में ईमानदारी व भाईचारे से आढ़तियों की समस्याओं का समाधान व आढ़तियों की मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

## नाबालिग का अपहरण–दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल कैद व जुर्माना

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नरवाना, 11 अप्रैल।** नरवाना पुलिस की प्रभावी जांच पैरवी व ठोस साक्ष्यों के आधार पर अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश जींद सिफा की अदालत ने नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 1लाख 20 हज़ार जुर्माना की सजा।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शहर नरवाना में एक महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर से लापता हैं जिसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपहरण व यौन अपराध से संबंधित धाराएं जोड़ी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां पुलिस ने ठोस साक्ष्य व गवाह पेश किए गए।

जींद पुलिस की प्रभावी जांच वा ठोस साक्ष्यों के आधार पर तथा डीडीए योगेंद्र राठी की प्रभावी पैरवी में माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, जींद सिफा की अदालत ने आरोपी करण वासी कुंडली सोनीपत को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास व रुपये 1,00,000 जुर्माना, 2 वर्ष का कठोर कारावास व रुपये 5000 जुर्माना, 7 वर्ष का कठोर कारावास व रुपये 10,000 जुर्माना, व 2 वर्ष का कठोर कारावास व ?5000 जुर्माना की सजा सुनाई । जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई । समाज में जागरूकता व सतर्कता बेहद आवश्यक है। अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों की सुरक्षा व गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## त्याग, तप और शौर्य के मार्ग पर चलकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव: सुभाष बराला

### सांसद सुभाष बराला व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने किया संबोधन



**टोहाना, 11 अप्रैल।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शनिवार को गांव समैन में भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भगवान परशुराम जी के आदर्श त्याग, तप, शौर्य और धर्म रक्षा हमारे समाज के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि परशुराम जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि जब-जब अन्याय और अधर्म बढ़ता है, तब सज्जनों को एकजुट होकर उसके विरुद्ध खड़ा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में नैतिक मूल्यों, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए कार्य करना चाहिए। बराला ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराएं ही हमें एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में मार्गदर्शन देती हैं। ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जहां हमारी संस्कृति और परंपराओं को भी समान महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी अपने महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज में समरसता और एकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। भगवान परशुराम जी के आदर्श हमें यह संदेश देते हैं कि समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा और न्याय के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

## जिला कांग्रेस कमेटी, रोहतक ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया पुष्प अर्पित

**रोहतक, 11 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी, रोहतक द्वारा आज महान् समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिला शक्ति की मिसाल पेश करने वाली महान क्रांतिकारी श्रीमती कस्तूरबा गांधी जी की जयंती पर स्थानीय कांग्रेस भवन में पुष्प अर्पित कर नमन किया इस मौके पर विधायक भारतभूषण बत्तरा जी, जिलाध्यक्ष ( शहरी ) कुलदीप केडी व जिलाध्यक्ष ( ग्रामीण ) बलवान रंगा नें दोनों महान विभूतियों के जीवन पर विस्तार से अपने विचार रखे और कहाँ फुले जी नें समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने और शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया तो कस्तूरबा गांधी जी नें अपना सम्पूर्ण जीवन स्वतंत्रता आंदोलन में झोंक दिया, उनका जीवन देश के लिए त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण हमारी आने वाले पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा !

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अमर नाथ अरोड़ा , जिला उपाध्यक्ष कदम सिंह अहलावत जी, जिला महासचिव संगठन पंकज सचदेवा, राजबहादुर संगठन महामंत्री ग्रामीण राजबीर बनियानी अनसुचित मोर्चा के चेयरमेन ताराचंद बागड़ी जी, जिला महासचिव चरणजीत शर्मा, जिला महासचिव विजय कुमार, सचिव सुनील बड़क, सचिव अनिल सैनी, अड़ीचन्द्र राजीव अत्रि महिला जिला अध्यक्ष शहरी निर्मल बल्हारा, मयूर मामराज स्वामी, सुरेन्द्र सिंधु पुनीत बत्रा चिराग शर्मा, परमिंदर राणा शामिल रहे।

### डॉ. सुमिता मिश्रा ने सरकारी अस्पतालों में तुरंत सुधार के दिए निर्देश

## 24 घंटे सेवाएं, निरीक्षण और कमियों के लिए जीरो टॉलरेंस

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 11 अप्रैल।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों के व्यापक सुधार के आदेश दिए हैं। इसके तहत जिला अस्पतालों से लेकर राज्य के दूर-दराज के कोने में स्थित अंतिम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक स्वास्थ्य प्रणाली के हर स्तर पर निर्देश जारी किए गए हैं। संदेश साफ है- सख्ती से पालन और समय पर सुधार जरूरी हैं, ऑप्शनल नहीं।


डॉ. मिश्रा ने सभी जिला उपायुक्त, सिविल सर्जन, सरकारी मेडिकल कॉलेज के निदेशक और सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट को भेजे एक पत्र में कहा है कि लापरवाही, देरी या टालमटोल करने पर तुरंत प्रशासनिक एक्शन लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सुधार की पहल के तहत, 13 अप्रैल से सभी सरकारी अस्पतालों में एक हफ्ते का सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अस्पताल परिसर, जिसमें वार्ड, कॉरिडोर, पार्क और आस-पास के इलाके शामिल हैं, की अच्छी तरह से सफाई करें, साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का सही मैनेजमेंट भी करें। पारदर्शिता और निगरानी करने के लिए तय अधिकारियों को सफाई की एक्टिविटी के फोटोग्राफिक सबूत देने होंगे, जिससे रियल-टाइम अकाउंटेबिलिटी का सिस्टम मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनलिज्म और मरीजों का भरोसा बढ़ाने के लिए अस्पताल के सभी स्टाफ- मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक को ड्यूटी के दौरान तय यूनिफॉर्म पहनने और पहचान और पद साफ-साफ दिखाने का निर्देश दिया गया है। इस कदम से मरीजों के साथ बातचीत और संस्थागत अनुशासन में सुधार होने की उम्मीद है। सरकार ने मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाने पर बहुत जोर दिया है। अस्पतालों को यह पक्का करना चाहिए कि मरीजों और उनके अटेंडेंट के लिए साफ टॉयलेट, पीने का साफ पानी, साफ बिस्तर और बैठने की सही व्यवस्था जैसी जरूरी सुविधाएँ मौजूद हों। इसके अलावा, संस्थागत को प्रभावी क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए मरीजों के आने-जाने को आसान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इंतजार का समय कम करने और भीड़ कम करने के लिए जहाँ भी जरूरत हो, वहाँ और रजिस्ट्रेशन काउंटर और हेल्प डेस्क बनाए जाएँगे। सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि वे आयुष्मान भारत हेल्प डेस्क को बिना किसी रुकावट के काम करने दें, ताकि योग्य लाभार्थियों को बिना किसी प्रक्रिया में देरी के समय पर मदद मिल सके। इसके साथ ही, एम्बुलेंस सर्विस चौबीसों घंटे पूरी तरह चालू रहनी चाहिए और सरकार इमरजेंसी में किसी भी रुकावट के लिए जीरो-टॉलरेंस अप्रोच अपनाए।

उन्होंने कहा कि मां और बच्चे की हेल्थ की अहमियत को समझते हुए, सरकार ने अस्पतालों को मैटरनिटी और बच्चों के वार्ड को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। लोकल संस्थाओं के साथ मिलकर, सुखदायक रंगों से दोबारा पेंट करके और बच्चों के लिए सही आर्टवर्क लगाकर, ज्यादा स्वागत करने वाला और स्ट्रेस-फ्री माहौल बनाने के लिए जगहों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने बढ़ते तापमान को देखते हुए, अस्पतालों से कहा गया है कि वे मरीजों और विजिटर्स के लिए साफ और ठंडे पीने के पानी की लगातार सप्लाई पक्का करें। अधिकारियों को लोगों की सेहत की सुरक्षा के लिए और ज्यादा कूलिंग इंतजाम और मच्छरों को कंट्रोल करने के तरीकों के लिए एनजीओ और चौरिटेबल ऑर्गनाइजेशन से मदद लेने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल तक आसान पहुंच और मार्गदर्शन को बेहतर बनाने के लिए, सभी जगहों पर साफ और दिखने वाले साइनेज लगाने होंगे। इसके अलावा, साफ और सुरक्षित माहौल बनाने के लिए सरकारी नियमों के हिसाब से सभी कबाड़ सामान, खराब गाड़ियां और इस्तेमाल न होने वाले इक्विपमेंट को तुरंत हटा देना चाहिए। उन्होंने समय पर मेडिकल मदद के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, सभी डायग्नोस्टिक और लैबोरेटरी सर्विस को-जिसमें कैथ लैब जैसी जरूरी यूनिट भी शामिल हैं-24*7 काम करने का निर्देश दिया गया है।

# अवॉर्ड कंट्रोवर्सी पर राजपाल यादव ने तोड़ी चुप्पी



**अभिनेता और कॉमेडियन राजपाल यादव इन दिनों अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच बीते दिनों उन्होंने एक अवॉर्ड शो में हिस्सा लिया। यहां जाकिर खान और सौरभ द्विवेदी बतौर होस्ट मौजूद थे। इसी दौरान कथित तौर पर होस्ट ने राजपाल यादव का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी की। इसे लेकर सोशल मीडिया पर राजपाल यादव के फैंस के बीच नाराजगी देखी जा रही है, जिस पर खुद एक्टर ने चुप्पी तोड़ी है। साथ ही फैंस से एक अपील की है।**

## राजपाल यादव ने क्या कहा?

एक इवेंट में होस्ट ने डॉलर और रुपये पर बात करते हुए राजपाल यादव से कहा था, 'डॉलर या रुपया कितना भी ऊपर-नीचे हो, आपको कर्ज तो उतना ही देना है, जितना बाकी है'। इस दौरान राजपाल यादव ने हंसते हुए रिएक्शन दिया था और कोई नाराजगी जाहिर नहीं की थी। मगर, राजपाल यादव के फैंस को यह बात बुरी लगी और सोशल मीडिया पर इस विषय पर विरोध किया जाने लगा।

## फैंस से की ट्रोल न करने की अपील

मालमा बढ़ता देख राजपाल यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने फैंस से अपील की है कि दोनों होस्ट को कुछ न कहा जाए। एक्टर ने कहा है, 'दुनिया में युद्ध है, इकोनॉमी है, सब ऊपर-नीचे चल रहा है। इसमें आम आदमी को पिसना पड़ता है। उसी के हिसाब से स्क्रिप्ट बनाने का प्रयास किया। फिल्मों में भी कभी-कभी ऐसी स्क्रिप्ट बनाने का प्रयास होता है, लेकिन वह सही तरीके से ऑडियंस तक नहीं पहुंचता'।

## जाकिर खान बोले- 'लव यू भाई'

राजपाल ने आगे जाकिर खान और सौरभ द्विवेदी को अपना जिगरी दोस्त बताते हुए लिखा है कि उनका दिल मत दुखाइए। वे दोनों मेरे छोटे भाई जैसे हैं। उन्होंने हमेशा सम्मान किया है। व्यर्थ में इनकी निंदा करके दिल मत दुखाइए। इनका दिल दुखाने से मेरा दिल दुखेगा। राजपाल यादव के इस पोस्ट पर जाकिर खान और सौरभ ने भी टिप्पणी की है और एक्टर का आभार जताया है।

## क्या है मामला?

राजपाल यादव चेक बाउंस से जुड़े एक मामले को लेकर काफी समय से सुर्खियों में हैं। उन्होंने एक फिल्म के निर्माण के लिए गए लोन लिया था। इसे वे चुका नहीं पाए। उन्होंने कंपनी को जो चेक दिए थे कथित तौर पर वे भी बाउंस हो गए थे। बीते दिनों अभिनेता ने तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया था। बाद में वे अंतरिम जमानत पर बाहर आ गए थे।

# रजनीकांत ने पूरी की 'जेलर 2' की शूटिंग



रजनीकांत की 'जेलर 2' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म में इस बार कई कलाकार नजर आएंगे। अभिनेता ने अब फिल्म की आगे की जानकारी फैंस के साथ साझा कर दी है। साथ ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर भी अपडेट साझा की। दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने हाल ही में मीडिया से हुई बातचीत में फिल्म के बारे में चर्चा की। उनकी बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'जेलर 2' की शूटिंग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अब फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है।



# स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी' में बॉक्सिंग करते नजर आएंगे पुलकित सम्राट



पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी' का टीजर सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं।
हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित 'ग्लोरी' का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है।

## 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी सीरीज

करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित 'ग्लोरी' में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में 'धुरंधर' फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित 'ग्लोरी' 1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी।

## पुलकित और दिव्येंदु के लिए महत्वपूर्ण है 'ग्लोरी'

पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए 'ग्लोरी' काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है। पुलकित सम्राट के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार 'राहु केतु' में नजर आए थे। जबकि दिव्येंदु शर्मा आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'साली मोहब्बत' में नजर आए थे। उनकी आगामी फिल्म में राम चरण की पैन इंडिया फिल्म 'पेद्दी' भी शामिल है।

# क्या फिल्में छोड़कर बिजनेसमैन से शादी करने वाली हैं तृषा कृष्णन?



तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं। हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चैन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है।

## स्टोरी के जरिए दिया जवाब

तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं।

## विजय के साथ जोड़ा जा रहा नाम

बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था। इसके बाद से ही इस मामले में तृषा का नाम घसीटा जाने लगा।

## तृषा का वर्कफ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो तृषा जल्द ही 'करुप्पु' में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ सूर्या लीड रोल में हैं। फिलहाल, तृषा ने साफ कर दिया है कि वो न तो रिटायर हो रही हैं और न ही इन अफवाहों का उन पर कोई असर है।

# एक्शन फिल्म 'एंटनी' में नजर आने वाले हैं सनी देओल




'बॉर्डर 2' जैसी दमदार फिल्म की सफलता के बाद सनी देओल अगली फिल्म की तैयारियों में लग चुके हैं। वे फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने मुंबई का शूटिंग शेड्यूल पूरा कर लिया है और अब वे गोआ में बचे हुए सीन शूट करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ कुछ और खास कलाकार शामिल होंगे।
फिल्म की कहानी गोवा में फैले एक क्राइम सिंडिकेट के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सनी देओल एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे, जो इस गैंग को खत्म करने की कोशिश करता है। इसलिए फिल्म के सबसे बड़े एक्शन सीन भी यहीं प्लान किए गए हैं।
बॉलीवुड एक्टर सनी देओल 'एंटनी' फिल्म में नजर आने वाले हैं। ये एक एक्शन फिल्म होगी। फिल्म में सनी देओल के साथ ज्योतिका और विजय वर्मा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे, जिसमें विजय वर्मा विलेन का किरदार निभा रहे हैं। 'एंटनी' खास इसलिए भी है क्योंकि यह पहली बार है जब प्रोड्यूसर फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी सनी देओल के साथ काम कर रहे हैं।
बता दें कि उन्होंने फिल्म के लिए मुंबई शेड्यूल पूरा कर लिया है। अब वह अगले शेड्यूल के लिए गोवा जा रहे हैं, जहां वह डायरेक्टर बालाजी गणेश के निर्देशन में जबरदस्त एक्शन सीन शूट करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, गोवा में लगभग एक महीने का लंबा शेड्यूल होगा, जो फिल्म के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। यहां फिल्म के बड़े-बड़े एक्शन सीक्वेंस शूट किए जाएंगे, जो कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे।

## फिल्म में होंगे दमदार एक्शन सीन

एक बड़े एक्शन सीन में तेज रफ्तार से गाड़ियों का पीछा करना दिखाया जाएगा, जो गोवा की सड़कों पर शूट होगा। इसके बाद समुद्र किनारे जोरदार फाइट सीन भी देखने को मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक बताया कि टीम एक नाइट शूट की भी तैयारी कर रही है, जिसमें धमाके और खतरनाक स्टंट्स होंगे। खास बात यह है कि सनी देओल इन एक्शन सीन का बड़ा हिस्सा खुद करते नजर आएंगे।

# क्या बॉयफ्रेंड ऋषभ से अलग हुईं सान्या मल्होत्रा?



पिछले काफी वक्त से फैंस सान्या मल्होत्रा के पार्टनर के बारे में जानना चाहते थे। फिर अचानक एक दिन सान्या, मशहूर सितारवादक ऋषभ रिखीराम शर्मा के साथ दिखाई दीं। इसके बाद से फैंस उम्मीद कर रहे थे कि शायद दोनों में से कोई अपने रिश्ते पर मुहर लगाएगा। मगर अब खबरें सामने आ रही हैं कि कपल अलग हो चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो सान्या और ऋषभ का रिश्ता काफी गुपचुप रहा। न दोनों ने अपने कोई खास पल फैंस के साथ साझा किए और न ही कभी एक-दूसरे के बारे में कुछ कहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने साल 2025 की शुरूआत में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। मगर अब दोनों ने ब्रेकअप कर लिया।

## बिना शोर-शराबे के अलग हुए

खास बात यह है कि जिस तरह दोनों चुपचाप रिलेशनशिप में रहे। ठीक वैसे ही बेहद गुप चुप तरीके से दोनों ने अलग होने का फैसला भी किया। अब दोनों ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो भी कर दिया। खबरें तो यहां तक हैं कि ऋषभ ने सान्या को छोड़कर किसी और को डेट करना तक शुरू कर दिया है। मगर अब तक उन्होंने इसपर कुछ भी आधिकारिक रूप से नहीं कहा है।



# अब 'कंटेंट ड्रिवन' एक्शन फिल्मों पर दांव लगा रहे हैं टाइगर श्रॉफ

**हिंदी सिनेमा के 'एक्शन आइकन' कहे जाने वाला टाइगर श्रॉफ अपने करियर के सबसे अहम मोड़ पर खड़े हैं। 'गणपत' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के उम्मीद से कम प्रदर्शन के बाद टाइगर ने अब अपनी रणनीति बदल दी है। अब वह सिर्फ स्टंट और फिटनेस के दम पर नहीं, बल्कि 'कंटेंट ड्रिवन' एक्शन फिल्मों पर दांव लगा रहे हैं। टाइगर ने अपनी अगली फिल्म के लिए कन्नड़ निर्देशक सचिन रवि के साथ हाथ मिलाया है, जो 'अवाने श्रीमन्नारायण' जैसी तकनीकी रूप से मजबूत फिल्म के लिए जाने जाते हैं।**

## टाइगर ने अपनी फीस कम की

टाइगर की फिल्मों में अब विलेन और कास्टिंग पर खास ध्यान दिया जा रहा है। साउथ से शिवा राजकुमार या उपेंद्र जैसे साउथ स्टार्स को लाने की तैयारी है, जबकि 'वज्र' में जयदीप अहलावत या के के मेनन जैसे दिमाग से खेलने वाले विलेन पर विचार हो रहा है। साथ ही खबर है कि टाइगर ने अपनी फीस में भी कटौती की है, ताकि फिल्मों का बजट संतुलित रहे और ओटीटी-सैटेलाइट डील के जरिए पहले ही 50% रिकवरी सुनिश्चित हो सके।

## 'रैम्बो' और 'वज्र' से लेंगे बड़े रिस्क और नए जोनर में एंट्री

टाइगर के लाइनअप में 'रैम्बो' सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 200 करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है। यह सिर्फ रीमेक नहीं, बल्कि भारतीय परिवेश में री-इमेजिन की गई फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग लद्दाख, जॉर्जिया और आइसलैंड में होगी। वहीं राम माधवानी के साथ 'वज्र' को एक 'ग्रैंड स्केल स्पिरिचुअल एक्शन' फिल्म बताया जा रहा है, जिसमें भारतीय दर्शन का पुट होगा। इसकी शूटिंग ऋषिकेश, वाराणसी और नेपाल में की जाएगी। यह टाइगर के लिए एक ऐसा क्षेत्र है जहां उन्होंने पहले कभी हाथ नहीं आजमाया।

## 'बागी 5' को रीबूट करने की तैयारी में हैं साजिद नाडियाडवाला



फिल्म समीक्षकों का तर्क है कि दर्शक अब केवल टाइगर के सिक्स पैक एब्स देखने के लिए थिएटर नहीं आते। वहीं 'बागी 4' की असफलता के बाद साजिद नाडियाडवाला अब दक्षिण भारतीय निर्देशक ए. हर्षा के साथ मिलकर 'बागी 5' को पूरी तरह रीबूट करने की तैयारी में हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com